हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

4 करौंदा मुड़ा सहित आसपास के गांव में महीनों से खराब सोलर पंप, गहराया पेयजल संकट



## खबर संक्षेप

### फर्जी राशि आहरण जनदर्शन में आवेदन

**सोनहत।** विकासखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत केशगवां में 15 वित्त की राशि में सचिव द्वारा 3 लाख फर्जी आहरण को लेकर बीते जांच में पहल नहीं होने पर 20 अप्रैल को जनदर्शन में पंच संघ पहुंचकर पुनः पंचायत विकास मद की फर्जी राशि आहरण पर आवेदन देते हुए सचिव पर एफआईआर दर्ज कराने मांग किया है। ज्ञात हो कि पूर्व जांच में राशि आहरण होने की पुष्टि के बाद आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सका है। पंच संघ अध्यक्ष प्रेम सागर तिवारी ने पूरे मामले पर उचित पहल किए जाने का आग्रह किया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच शोभित ने बताया कि फर्जी राशि आहरण का आवेदन जिला प्रशासन को दिया गया, जांच में फर्जी आहरण पाए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो सकी न ही उक्त राशि सचिव द्वारा वापस पंचायत के खाते में किया गया है।

### अंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा



**बैकुण्ठपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती ग्राम बुड़ार में 19 अप्रैल को उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहब अंबेडकर जी का शोभायात्रा निकाली गई जो कि ग्राम बुड़ार के विभिन्न मार्गो से निकाली गई और फिर शोभायात्रा अंबेडकर चौक पर पहुंच कर समाप्त हुआ, जहां पर अतिथियों एवं अन्य लोगों के द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर संगीतमय कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण उत्साह के साथ शामिल हुए। अतिथियों एवं उपस्थित प्रमुख लोगों द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर के योगदान के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### ई-केवाईसी में महिलाएं हो रहीं परेशान

**बैकुण्ठपुर।** महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी प्रक्रिया को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं एवं हितग्राहियों का आरोप है कि विभाग जिम्मेदारी से पीछे हट रहा है और न तो ई-केवाईसी में आ रही त्रुटियों का स्पष्ट कारण बताया जा रहा है और न ही सुधार के लिए कोई ठोस मार्गदर्शन दिया जा रहा है। परियोजना कार्यालय पहुंच रही महिलाओं का कहना है कि उन्हें बिना संतोषजनक जवाब दिए वापस लौटा दिया जा रहा है। कई मामलों में पावती में रिजेक्ट का कारण बेहद संक्षिप्त और अस्पष्ट बताया जा रहा है, जिससे हितग्राही असमंजस में हैं। स्थानीय स्तर पर सुपरवाइजर और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पहले ही त्रुटि सुधार का कार्य पूर्ण किया जा चुका था। इसके बाद दस्तावेजों का सत्यापन भी किया गया था। बावजूद इसके अब ई-केवाईसी के नाम पर महिलाओं या उनके पति के नाम में त्रुटियां बताई जा रही हैं, इससे महिलाओं में यह आशंका गहराने लगी है कि कहीं इस प्रक्रिया के बहाने उनके नाम योजना से काटे न जाएं। हितग्राहियों का आरोप है कि सही मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा, जिससे समस्या और बढ़ रही है। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि योजना के बड़े अधिकारी भी स्पष्ट जानकारी देने के बजाय उन्हें भ्रमित कर रहे हैं और कार्यालय से लौटा रहे हैं, इससे योजना की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के सचिव एवं पार्षद धीरज शिवहरे ने चेतावनी दी है कि यदि बिना कारण महिलाओं के नाम काटे गए या उन्हें परेशान किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम नहीं

# दो भीषण हादसेः तीन युवकों की मौत, 5 घायल



पलटा वाहन।



जमगहना में दुर्घटनाग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में एक ही दिन में हुए दो अलग-अलग भीषण सड़क हादसों ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। इन घटनाओं में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का इलाज जिला अस्पताल समेत अन्य जगहों में जारी है। लगातार हो रहे हादसों ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रविवार देर रात शहर के चेर क्षेत्र में बैकुण्ठपुर जूनापारा से चिरमिरी लौट रही एक वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही आर्यन सोनवानी (22 वर्ष) और कुलदीप सिंह (23 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं चार अन्य युवक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल निजी शर्मा अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी युवक डोमनहिल, चिरमिरी क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है।

हालांकि पुलिस हर पहलू की गहन जांच कर रही है। इसी बीच सोमवार दोपहर पटना थाना क्षेत्र के ग्राम जमगहना स्थित एनएच-43 पर बाजार के पास दो कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में सूरजपुर जिले के बतरा निवासी पुरुषोत्तम राजवाड़े की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया है।

### हादसों ने बढ़ाई चिंता

लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने प्रशासन और आम जनता दोनों की चिंता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी और लापरवाही इन हादसों के मुख्य कारण हैं। जरूरत है सख्ती से नियमों के पालन और जागरूकता बढ़ाने की, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### अस्पताल पहुंचे विधायक



दुर्घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक भैयालाल राजवाड़े जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और डॉक्टरों को समुचित उपचार के निर्देश दिए। साथ ही मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## चरचा में तलवार-गुप्ती से ताबड़तोड़ हमला, 5 घायल

**चरचा कॉलरी।** जिले के चरचा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात हिंसा की बड़ी घटना सामने आई, जहां मामूली विवाद ने देखते ही देखते खतरनाक रूप ले लिया। वार्ड क्रमांक 11 के बाजारपारा इलाके में दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया। हमलावरों ने धारदार हथियारों, लाठी-डंडों और पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे पूरा क्षेत्र रणभूमि में तब्दील हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार की रात करीब 10 बजे शुरू हुई झड़प में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस घटना में कुल 5 लोग घायल हुए हैं, इनमें 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया, जब वार्ड क्रमांक 12 मस्जिद लाइन निवासी 55 वर्षीय महिला किरन ने थाना में लिखित



शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के मुताबिक 19 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे 9-10 युवक उसके घर पहुंचे और उसके बेटे योगेश को ढूंढते हुए खुलेआम जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद पड़ोसियों से सूचना मिली कि योगेश को श्रमवीर स्टेडियम में घेरकर मारपीट की जा रही है। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो देखा कि आरोपी युवक तलवार, गुप्ती और लोहे की रॉड से बेरहमी से हमला कर रहे थे। बीच-बचाव करने पहुंचे रमेश को भी नहीं बख्शा गया और उसे भी गंभीर रूप से पीटा गया। हमले में योगेश और रमेश के सिर, हाथ और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को तत्काल रीजनल अस्पताल चरचा और जिला अस्पताल बैकुंठपुर में भर्ती कराया गया। ⏭ शेष पेज 4 पर




## डीएमएफ कार्यों से पहले ग्राम सभा का अनुमोदन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) से संबंधित किसी भी कार्य के प्रस्ताव के पूर्व ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य का प्रस्ताव भेजने से पहले उसका गहन परीक्षण और निरीक्षण आवश्यक रूप से किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफ के नवीन नियमों का भली-भांति अध्ययन कर, केवल आवश्यकता और उपयोगिता के आधार पर ही प्रस्ताव भेजे जाएं।

■ फील्ड निरीक्षण और सुशासन तिहार की तैयारियों पर दिए विशेष निर्देश

उन्होंने कहा कि योजनाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में उन्होंने आगामी 1 मई से प्रारंभ हो रहे राज्य स्तरीय सुशासन तिहार की तैयारियों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन, शिविर एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का शीघ्र परीक्षण कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सभी विभागों को लंबित प्रकरणों पर जिम्मेदारीपूर्वक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिया कि सभी गांवों का नियमित भ्रमण कर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि गर्मी और लू के दौरान मौसमी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त स्टाफ, जांच सुविधा और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि वे केवल कार्यालय तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में जाकर योजनाओं का निरीक्षण करें। उन्होंने ब्लॉक में लगने वाले शिविर में ब्लॉक स्तर के अधिकारी की उपस्थिति अवश्य हो। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय, आश्रम शाला, स्वास्थ्य केन्द्र एवं उचित मूल्य दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा पाई गई कमियों की तत्काल सूचना संबंधित विभाग को दी जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का मना जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ब्राह्मण समाज कोरिया द्वारा एक भव्य एवं श्रद्धामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर परिसर की साफ-सफाई से हुई, जिसके बाद संध्या पूजन विधि-विधान से संपन्न किया गया। तत्पश्चात श्री रामचरितमानस के सुंदरकांड का साज-बाज के साथ भावपूर्ण गायन-वादन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। पाठ समाप्ति के उपरांत आरती-वंदन कर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं पदाधिकारीगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ बाजपेई, वर्तमान अध्यक्ष ब्रिजनारायण मिश्रा, सचिव योगेन्द्र मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र शमा, प्रभात मिश्रा, अनिरूद्ध शर्मा,



सुशील शुक्ला, अभय दुबे, मोनू तिवारी, अनुराग दुबे, अंकित उपाध्याय, विपुल शुक्ला, रवि त्रिपाठी, कवि पाण्डेय एवं संस्कार समिति के ओंकार पाण्डेय, ज्योति दुबे, अशोक पांडेय, पीएन तिवारी, उत्कर्ष पाण्डेय, अतिरेक पाण्डेय तथा मंदिर के पुजारी अभिषेक दुबे सहित अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ब्राह्मण समाज कोरिया के जिला अध्यक्ष द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि अब प्रत्येक मंगलवार को मंदिर में नियमित भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी समाजजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### सरपंच को कारण बताओ नोटिस

**प्रतापपुर।** मदन नगर ग्राम पंचायत में प्रस्तावित कोयला खदान परियोजना का गांव के लोगों द्वारा विरोध करने तथा ग्रामीणों को उकसाने पर प्रशासन ने ग्राम पंचायत के सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार की अंडरटेकिंग कंपनी द्वारा मदन नगर, कनक नगर और जगन्नाथपुर क्षेत्र में प्रस्तावित कोयला खदान परियोजना के लिए भूमि सर्वेक्षण एवं निरीक्षण कार्य किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के दौरान कई बार ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने की बात सामने आई है। प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत मदन नगर की सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि सर्वेक्षण कार्य में बाधा डाली गई और निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। प्रशासनिक रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ ग्रामीणों के पास कुल्हाड़ी, फरसा, तलवार, गुलेल और तीर-धनुष जैसे पारंपरिक हथियार थे, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी जमीन, जंगल और गांव की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उनका आरोप है कि बिना उनकी सहमति के भूमि अधिग्रहण और सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे उनमें आक्रोश बढ़ रहा है।

## ट्री हाउस में ठहरने ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**बैकुंठपुर।** छग में पर्यटन को नई दिशा देने के उद्देश्य से होटल एवं रिसॉर्ट की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा को लगातार विस्तार दिया जा रहा है। इसी कड़ी में छग टूरिज्म बोर्ड द्वारा कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड अंतर्गत घुनघुट्टा में नवनिर्मित कोरिया ट्री हाउस के लिए भी ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है। प्राकृतिक वातावरण के बीच लकड़ी से निर्मित यह ट्री हाउस पर्यटकों को एक अनोखा और यादगार अनुभव प्रदान करेगा। पर्यटन बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्री हाउस के लिए सीजन के आधार पर अलग-अलग दरें निर्धारित की गई हैं।

नॉन पीक सीजन 1 अप्रैल से 30 जून के दौरान सप्ताह के सभी दिनों सोमवार से रविवार तक-सिंगल आवास के लिए 2100 रूपए, डबल के लिए 2625 रूपए तथा अतिरिक्त व्यक्ति सहित 3150 रूपए का शुल्क तय किया गया है। वहीं पीक सीजन 1 जुलाई से 31 मार्च में सोमवार से गुरुवार तक सिंगल के लिए 2625 रूपए, डबल के लिए 3150 रूपए तथा अतिरिक्त व्यक्ति सहित 3750 रूपए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा शुक्रवार, शनिवार और रविवार को सिंगल के लिए 2835 रूपए, डबल के लिए 3360 रूपए तथा अतिरिक्त व्यक्ति सहित 3885 रूपए का किराया लागू होगा। पर्यटकों और युवाओं को आकर्षित करने के लिए यहां प्री-वेडिंग एवं वीडियो शूटिंग की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए 15,000 रूपए प्रति दिवस जीएसटी सहित का शुल्क निर्धारित किया गया है। यदि रिसॉर्ट में दो कक्ष रिक्त रहते हैं, तो उन्हें फ्रेश एंड चेंज के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक अधिकतम 10



व्यक्तियों के लिए मान्य होगी। पर्यटन प्रबंधन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शूटिंग के दौरान अन्य पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। नियमों के उल्लंघन या किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि पाए जाने पर प्रबंधन को कक्ष/परिसर खाली कराने का पूर्ण अधिकार होगा तथा किसी भी स्थिति में राशि वापस नहीं की जाएगी। आवश्यक होने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है। ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया को भी बेहद सरल बनाया गया है। पर्यटक छग टूरिज्म बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपनी पसंद का शहर या पर्यटन स्थल चुन सकते हैं। इसके बाद उपलब्ध होटल या रिसॉर्ट का चयन कर चेक-इन एवं चेक-आउट की तिथि, कमरों की संख्या, अतिथियों की संख्या और संपर्क विवरण दर्ज करना होगा।

### दुष्कर्म के आरोपी जम्मू से गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शहर के मणिपुर थाना में पीड़िता के परिजन ने 9 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई कि किशोरी 24 जनवरी को बिना बताए ही कहीं चली गई है। मोहल्ले सहित रिश्तेदार के यहां खोजबीन की गई लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 137(2) के तहत अपराध दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी। इधर पुलिस अधीक्षक एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए किशोरी को बरामद करने के निर्देश दिए। इसी बीच पुलिस टीम को सूचना मिला कि पीड़िता संदेही अजय शंकर तिवारी के साथ जम्मू के विजयपुर मे है। जिस पर पुलिस टीम को जम्मू रवाना किया गया। पुलिस टीम किशोरी को जम्मू के विजयपुर से संदेही अजय शंकर तिवारी के कब्जे से बरामद किया महिला पुलिस अधिकारी ने जब पूछताछ किया तो पीड़िता ने बताई कि आरोपी अजय शंकर तिवारी पीड़िता को बहला फुसला कर जम्मू भगा ले गया और शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया तो आरोपी ने अपना नाम अजय शंकर तिवारी आ. स्व. भागवत तिवारी (26 वर्ष) व डोरला थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा का होना बताया। आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने की बात कबूल की।

तत्काल लागू करने से बच रही केन्द्र सरकार, राजीव भवन में प्रेसवार्ता

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले ही कानूनः प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर केन्द्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर देशभर में भ्रम फैला रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 (128 वां संविधान संशोधन) संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बन चुका है।

उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल को केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत 131 वां संविधान संशोधन विधेयक महिला आरक्षण से सीधे जुड़ा नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से लोकसभा सीटों का परिसीमन बढ़ाकर 850 करने, 2011 की जनगणना को आधार बनाने




तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव रखा गया था। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर अपने अनुसार सीटों का परिसीमन करवाना चाहती थी, जिसे विपक्ष की एकजुटता ने विफल कर दिया। पत्रकारवार्ता में यह भी कहा गया कि यदि सरकार की मंशा वास्तव में महिला आरक्षण लागू करने की होती, तो वह वर्तमान सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सकती थी, लेकिन सरकार परिसीमन का इंतजार कर रही है। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि जब नई जनगणना प्रस्तावित है, तो 2011 के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन क्यों किया जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक आरक्षण देने में पार्टी का इतिहास स्पष्ट रहा है। पंचायतों एवं नगरीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण कांग्रेस की पहल से ही संभव हुआ, जिसके कारण आज देशभर में काफी संख्या में महिला जनप्रतिनिधि सक्रिय हैं।

अंत में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा की मंशा महिला सशक्तिकरण नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ के लिए परिसीमन कराना है और इसी कारण वह महिला आरक्षण के मुद्दे पर देश में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष अजय सिंह, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, महामंत्री राजीव गुप्ता, सौरभ गुप्ता, पार्षद अंकित गुप्ता सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## ज्ञान भारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान को गति देने कल को होगी अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में ज्ञान भारतम राष्टीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 22 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी, जिसमें राज्य स्तरीय स्थायी समिति के सदस्य एवं सभी जिला कलेक्टर शामिल होंगे।

बैठक में पाण्डुलिपियों के महत्व, उनके संरक्षण की आवश्यकता, अभियान के उद्देश्य, कार्ययोजना एवं समय-सीमा की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन एवं कार्यान्वयन प्रक्रिया पर भी चर्चा की जाएगी। संस्कृति, उच्च शिक्षा और आयुष विभाग की भूमिका को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श होगा। विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा संस्थानों तथा पारंपरिक वैद्यों एवं आर्युवेदाचार्यों के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों के चिन्हांकन और सर्वेक्षण के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिले के महाविद्यालयों, पुस्तकालयों, संग्रहालयों, मंदिरों, मठों, आश्रमों, गुरूकुलों एवं निजी संग्रहकर्ताओं के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों का चिन्हांकन और सर्वेक्षण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिलेवासियों एवं विभिन्न संस्थाओं से अपील की है कि यदि उनके पास जिले से संबंधित 70 वर्ष या उससे अधिक पुरानी कोई पाण्डुलिपि उपलब्ध हो, तो उसे प्रशासन को अवश्य उपलब्ध कराएं।

## खबर संक्षेप

### सहायक शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी समिति गठित

**रामानुजगंज।** सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी समिति का गठन ब्लॉक अध्यक्ष लवंग साय राही के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष देव नारायण गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन को सशक्त बनाने तथा विभिन्न शैक्षणिक और सेवा संबंधी मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। समिति में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। बैठक के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरोध में चल रहे देशव्यापी आंदोलन पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि इस निर्णय के विरोध में देशभर के शिक्षक लामबंद हैं और निरंतर आंदोलन एवं प्रदर्शन जारी हैं। ऐसे समय में संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा आंदोलन को गति देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। ज़िला प्रवक्ता प्रभाकर मुखर्जी ने अपने संबोधन में टीईटी अनिवार्यता, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, समयमान वेतन, क्रमोन्नत वेतन एवं पदोन्नति जैसे ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कहा कि वे संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करें। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष लवंग साय राही ने संगठन के प्रति ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

### छात्र संघ चुनाव तत्काल बहाल करने की मांग, एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के नाम विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।सौंपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई के उपाध्यक्ष आदित्य विभु जायसवाल ने प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव तत्काल बहाल करने की मांग की है। आदित्य विभु जायसवाल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से चुनाव न होने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है और उनकी समस्याएं प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही हैं। छात्र हितों की रक्षा के लिए चुनाव कार्यक्रम की शीघ्र घोषणा कर पारदर्शी तरीके से चुनाव कराए जाना आवश्यक हैं। इस दौरान युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पंकज जायसवाल, एनएसयूआई जिला महासचिव सूर्यकांत रवि सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर दो महिलाओं की मौत

**अम्बिकापुर।** अलग अलग घटनाओं में कीटनाशक पीने से गंभीर हुई दो महिलाओं की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार फरसा बहार अंतर्गत ग्राम धौरासांड निवासी जितिया पात्रे पति धोना पात्रे (51 वर्ष) 14 अप्रैल को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसके फरसा बहार अस्पताल से जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में राजस्थान अंतर्गत झलवार निवासी शकुंतला कुमारी प्रजापति पति रंजीत (26 वर्ष) 15 दिन पूर्व मायके ग्राम हरिगवा आई थी। 10 अप्रैल को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की हालत में सुधार नहीं होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पहली किस्त मिलने के बाद महीनों से अटकी दूसरी किस्त की राशि

# आधे-अधूरे पीएम आवास ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी, उधार लेकर करा रहे निर्माण





आधे-अधूरे पीएम आवास।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना जहां हजारों गरीब परिवारों के लिए पक्के मकान का सपना लेकर आई, वहीं जिले के कई गांवों में यह योजना अब अधूरी उम्मीदों का प्रतीक बनती नजर आ रही है। सबसे ज्यादा परेशानी प्रतापपुर ब्लॉक के हितग्राहियों को झेलनी पड़ रही है, जहां बड़ी संख्या में गरीब और विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति के परिवार आधे अधूरे पीएम आवास की समस्या से जूझ रहे हैं।

**खास बात**

- प्रतापपुर ब्लॉक सबसे ज्यादा प्रभावित है हितग्राही

ग्रामीणों के अनुसार योजना के तहत उन्हें मकान स्वीकृत तो हुआ, पहली किस्त भी मिली, लेकिन उसके बाद की राशि महीनों से अटकी हुई है। किसी तरह मजदूरी कर या उधार लेकर उन्होंने अपने घरों की दीवारें खड़ी कर दीं और डीपीसी तक निर्माण कार्य पूरा किया। लेकिन दूसरी किस्त नहीं मिलने से अब निर्माण पूरी तरह ठप पड़ गया है। प्रतापपुर ब्लॉक के कई गांवों में एक जैसी स्थिति है। आधे-अधूरे मकान खुले में खड़े हैं और परिवार असुरक्षित हालात में रहने को मजबूर हैं। कई जगहों पर दीवारें तो खड़ी हैं, लेकिन छत नहीं होने के कारण लोग फिर से पुराने कच्चे घरों या अस्थायी झोपड़ियों में रहने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता ने पूरी योजना की गति को प्रभावित कर दिया है। विशेष रूप से प्रतापपुर ब्लॉक में यह समस्या व्यापक रूप से देखने को मिल रही है, जहां अधिकांश हितग्राही परेशान हैं और समाधान की प्रतीक्षा करने को मजबूर हैं। हितग्राहियों का कहना है कि आने वाले दिनों में मानसून का खतरा भी सामने है। यदि समय रहते निर्माण पूरा नहीं हुआ, तो अधूरे मकान और भी ज्यादा क्षतिग्रस्त हो सकते हैं, जिससे गरीब परिवारों की स्थिति और खराब हो जाएगी।

### लंबित है मजदूरी भुगतान

ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा के तहत मिलने वाली मजदूरी भी समय पर नहीं मिल रही है। तीन से चार महीने से मजदूरी भुगतान लंबित है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कई परिवारों में खाने तक के लाले पड़ गए हैं और लोग कर्ज लेकर जीवनयापन करने को मजबूर हैं।

### दूसरी किस्त जारी करने की मांग

प्रभावित हितग्राहियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि जल्द से जल्द दूसरी किस्त जारी की जाए और मनरेगा मजदूरी का भुगतान किया जाए, ताकि वे अपने अधूरे घरों को पूरा कर सकें। हितग्राहियों का कहना है कि कई बार जनपद और जिला स्तर के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### सभी को मिल रही है राशि

पीएम आवास निर्माण की राशि सभी को मिल रही है। जिनको पैसा नहीं मिला है वे अपना नाम लिखवा सकते है। मै दिखवाता हूं।

-अनिल तिवारी, जनपद सीईओ



सड़क किनारे फेंका गया मलबा।

## क्वार्टर मरम्मत के बाद निकला मलबा फेंका सड़क किनारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के वन-बी हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित बंगाली क्लब के पास क्वार्टर मरम्मत के बाद निकला मलबा और कचरा पिछले दो महीनों से सड़क किनारे पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- दो माह से कॉलोनीवासियों को हो रही परेशानी

जानकारी के अनुसार, मरम्मत कार्य के बाद ठेकेदार ने क्वार्टर से कचरा निकलवाकर उसे सड़क किनारे डाल दिया और उसके बाद से अब तक उसका उठाव नहीं कराया गया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने कचरा निपटान की जिम्मेदारी नगर पंचायत पर छोड़ दी, जबकि नगर पंचायत अमले का कहना है कि यह कचरा एसईसीएल के कार्य से संबंधित है, इसलिए इसका निपटान ठेकेदार को ही करना चाहिए। उक्त क्षेत्र नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 10, महाराणा प्रताप वार्ड में आता है। स्थानीय पार्षद द्वारा कचरा उठवाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन जिम्मेदारी तय न होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पहले से ही बदहाल है। एसईसीएल द्वारा साफ-सफाई और मरम्मत के लिए करोड़ों रुपये की निविदाएं जारी की जाती हैं, वहीं नगर पंचायत में भी दर्जनों सफाई कर्मचारी तैनात हैं, इसके बावजूद जमीनी स्तर पर हालात खराब हैं। लोगों का आरोप है कि सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। नालियों की सफाई के बाद कचरा वहीं छोड़ दिया जाता है, जिससे गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे कॉलोनीवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत और एसईसीएल प्रबंधन से जल्द से जल्द कचरा हटाने की मांग की है।

## परशुराम जयंती पर तुलसी साहित्य समिति की काव्यगोष्ठी



**अम्बिकापुर।** भगवान परशुराम की जयंती पर केशरवानी भवन में पूर्व एडीआईएस ब्रह्माशंकर सिंह, डॉ. उमेश पांडेय, पं. रामनारायण शर्मा और सच्चिदानंद पांडेय के आतिथ्य व साहित्यकार बीडी लाल की अध्यक्षता में विचारगोष्ठी एवं सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम और मां हंसवाहिनी के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। पं. रामनारायण शर्मा ने भगवान परशुराम को सात चिरंजीवी में से एक बताते हुए कहा कि वे शस्त्र और शास्त्र विद्या में पारंगत थे। पिता के आज्ञापालक, माता के जीवन रक्षक, भातृ-प्रेम के निर्वहनकर्ता, अन्यायी-अत्याचारियों के विनाशक, सज्जनों के रक्षक और नारी जाति को सम्मान देनेवाले महापुरुष थे। उन्होंने जन्म से ब्राह्मण होकर भी अनीति और अन्याय का नाश करने के लिए क्षात्र धर्म का परिपालन किया। वे भगवान-विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। वे मात्र एक योद्धा नहीं थे बल्कि महान शिक्षक भी थे। साहित्यकार बीडी लाल ने परशुराम को धर्म और न्याय का एक प्रतीक बताते हुए कहा कि वे हमें आततायी व्यवस्था के विरूद्ध निरंतर संघर्ष करने का संदेश देते हैं। उनका जन्म अहिंसक ब्राह्मण कुल में अवश्य हुआ था परंतु उन्होंने अत्याचार के विरूद्ध शस्त्र उठाने में संकोच नहीं किया। सहस्त्रार्जुन और राम-लक्ष्मण के बीच हुआ विवाद इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। विचारक ब्रह्माशंकर सिंह का कहना था कि भार्गव परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया को मनाया जाता है। यह तिथि पूजा, दान और अच्छे कार्य के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन किए गए पुण्य कार्यो का फल कभी समाप्त नहीं होता। भगवान परशुराम के कार्य और जीवन संपूर्ण मानवता के लिए अत्यंत प्रेरक हैं। शक्ति, ज्ञान और कौशल का प्रयोग हमें धर्म और समाज हित में करना चाहिए। पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पांडेय ने परशुराम को वैदिक संस्कृति का महान- प्रचारक बताया और कहा कि उन्होंने भारत में कोंकण, गोवा, केरल सहित अनेक ग्राम भी बसाए। वे प्रकृति के सच्चे संरक्षक थे और वे उसे उसके मूल स्वरूप में सदैव जीवंत और हरीतिमा से आच्छादित देखना चाहते थे। कार्यक्रम को चन्द्रभूषण मिश्र ने भी संबोधित किया और रेणुकानंदन के कार्यों को संपूर्ण लोक समाज के लिए सर्वथा हितैषी व अनुकरणीय बताया। संस्था के अध्यक्ष कवि मुकुन्दलाल साहू ने परशुराम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अनेक दोहे सुनाए। उन्हें शस्त्र विद्या का महान- शिक्षक बताया। कवयित्री आशा पांडेय ने उनके क्रोधी स्वभाव का विशेष रूप से वर्णन किया। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. माधुरी जायसवाल ने परशुराम की अमरता का बोध कराया। कवयित्री आशा मिश्रा ने अपनी कविता में परशुराम की तरह जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया। डॉ. उमेश पांडेय, कवि बंशीधर लाल, कवि चन्द्रभूषण मिश्र, अजय सागर और राजेन्द्रराज की कविताओं को भी सबने सराहा। आभार-ज्ञापन संस्था की उपाध्यक्ष आशा पांडेय ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद, तृषा, मदालसा गुप्ता एवं केशरवानी वैश्यसभा के उपाध्यक्ष मनीलाल गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सरगुजा में बढ़ता हाथियों का आतंक, ग्रामीणों का आरोप वर्तमान मुआवजा प्रावधान अपर्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा संभाग में मानव-हाथी संघर्ष लगातार गंभीर होता जा रहा है। हाल ही में सूरजपुर जिले के कल्याणपुर निवासी केशव भोय की हाथियों के हमले में मौत के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। वहीं घटना के 24 घंटे के भीतर ही घाघीटिकरा अखोरा में एक अन्य व्यक्ति पर हाथी द्वारा प्राणघातक हमला किए जाने से ग्रामीणों में भय और असुरक्षा की भावना और गहरी हो गई है।

स्थानीय लोगों एवं सामाजिक संगठनों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इसे लापरवाही का परिणाम बताया है। उनका कहना है कि हाथियों की निगरानी, उनके आवागमन मार्गों की सुरक्षा तथा समय पर अलर्ट जारी करने जैसे जरूरी उपाय प्रभावी रूप से लागू नहीं किए जा रहे हैं। फॉरेस्ट रैपिड रिस्पांस टीम और टास्क फोर्स के गठन के बावजूद घटनाओं में कमी नहीं आ रही है।मृतक केशव भोय के परिजनों के लिए जन अधिकार परिषद छत्तीसगढ़ के संयोजक त्रिभुवन सिंह ने मांग की है कि परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए, बच्चों की शिक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन उठाए और कम से कम 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। साथ ही वन विभाग द्वारा तत्काल 6 लाख रुपये की सहायता राशि देने की मांग भी की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान मुआवजा प्रावधान अपर्याप्त हैं। मौत के मामले में लगभग 6 लाख रुपये, फसल नुकसान पर 9000 रुपये प्रति एकड़ और मकान क्षति पर 50 हजार की सहायता को वास्तविक नुकसान के मुकाबले बेहद कम बताया जा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि फसल नुकसान का मुआवजा औसत उत्पादन मूल्य के आधार पर दिया जाए या फिर बीमा व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि सायरन, अर्ली वार्निंग सिस्टम, जीपीएस और ड्रोन निगरानी जैसी व्यवस्थाएं प्रभावी नहीं हैं और गांवों में जागरूकता अभियान भी नहीं चलाए जा रहे हैं, जिससे आए दिन जान-माल की हानि हो रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि केवल मुआवजा बढ़ाना पर्याप्त समाधान नहीं है, बल्कि हाथियों के मूवमेंट की वैज्ञानिक निगरानी, कॉरिडोर की सुरक्षा, और स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी के साथ ठोस रणनीति बनाना आवश्यक है। लगातार बढ़ती घटनाओं के बीच अब जरूरत है कि शासन-प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए दीर्घकालिक समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए।

## आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा बच्चों के लिए प्रज्ञा योग इंट्यूशन क्लास का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



कोयलांचल क्षेत्र में पहली बार आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वाधान में बच्चों के लिए प्रज्ञा योग यानि इंट्यूशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया,यह ऑफलाइन क्लास 15 से 18 अप्रैल तक आयोजित हुई, जिसमें बिश्रामपुर, सूरजपुर और अंबिकापुर के बच्चों ने हिस्सा लिया।

आयोजकों के अनुसार, वर्तमान समय में बच्चे अत्यधिक मोबाइल उपयोग, जंक फूड, गलत संगत, गुस्सा और अवसाद जैसी समस्याओं से प्रभावित हो रहे हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ताकि बच्चों में एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित की जा सके।यहां पर वरिष्ठ प्रशिक्षकों रूपा सिंह और राजेंद्र देवांगन ने बच्चों को इंट्यूशन अर्थात अंतर्ज्ञान विकसित करने के लिए विभिन्न अभ्यास कराए। कार्यक्रम के दौरान ब्लाइंडफोल्ड आंखों पर पट्टी बांधकर गतिविधियां कराई गईं, जिनमें बच्चों ने रंग पहचानना, अक्षर पहचानना और किताब पढ़ने जैसे अभ्यास किए। साथ ही योगासन और ध्यान के माध्यम से स्मरण शक्ति बढ़ाने और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने पर भी जोर दिया गया। आयोजकों का दावा है कि कोर्स के दौरान बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला। कई बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर गतिविधियों को सफलतापूर्वक किया, जिसे देखकर अभिभावक भी आश्चर्यचकित रह गए,इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई में फोकस बढ़ाने और नकारात्मक आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ससुराल से लौट रहे बाइक सवार को ग्राम कोरजा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम गुमगरा निवासी सूर्य देव आ. सुभाष श्याम (25 वर्ष) गत दिन बाइक से अपने ससुराल ग्राम चैनपुर गया था। शाम को युवक वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम कोरजा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 5400 विद्यार्थियों ने की भागीदारी, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं का जिला स्तरीय सम्मान समारोह शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ में संपन्न हुआ। परीक्षा में जिले भर से 5 हजार 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

प्रावीण्य सूची के आधार पर कक्षा 5वीं से 12वीं तक के प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शील्ड, पुरस्कार राशि एवं साहित्य देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्लोबल पब्लिक स्कूल के केपी शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि केपी शर्मा ने अपने संबोधन में आचार्य श्रीराम शर्मा के जीवन दर्शन, उनके द्वारा बताए गए जीवन मूल्यों एवं गायत्री परिवार की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला समन्वयक शिव शंकर कुशवाहा ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक कक्षा के अनुसार नाममात्र शुल्क लेकर पंजीयन कराया जाता है और प्रतिभागियों को ज्ञानवर्धक पुस्तकें प्रदान की जाती हैं। उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तर के साथ ही राज्य स्तर पर भी पुरस्कृत किया जाता है। जिले से कक्षा 8वीं में अध्ययनरत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय केरता की छात्रा कुमारी पूजा आ.राम नरेश का चयन राज्य स्तरीय सम्मान के लिए हुआ है, जिन्हें 25 अप्रैल को गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान चन्द्रशेखर साहू, विष्णु प्रजापति, गोपाल सिंह, हरिहर वर्मा, अवधेश गोयल, पवन कुमार गर्ग, लोचन प्रसाद गुप्ता, जवाहर राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।



### धीमी नाली निर्माण को लेकर नगर वासियों में भारी आक्रोश

राजपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में धीमी नाली निर्माण से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा जगह जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे आये दिन सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही है। धीमे नाली निर्माण से अब नगरवासियों के काफी रोष है। करोड़ो की लागत से अंबिकापुर से रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर निर्माण कार्य प्रारंभ है। शहर एवं बस्तियों में नाली का भी निर्माण किया जा रहा है। नाली निर्माण राजपुर नगर में भी लगभग तीन किलोमीटर तहसील कार्यालय से लेकर गेयुर नदी तक किया जाना है। ठेकेदार द्वारा नगर में नाली का निर्माण तो कराया जा रहा है परंतु नाली निर्माण का कार्य धीमी गति से होने के कारण नगरवासी काफी परेशान हैं। ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण के लिए जगह-जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे सड़कों पर आवागमन काफी प्रभावित हो रहा है। नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे से निकले मलवा के सड़क पर होने से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है और हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आधे अधूरे नाली निर्माण से नगरवासियों में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि घर के सामने नाली बनाकर छोड़ दिया गया है जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## अत्यधिक रक्तस्राव होने से गंभीर गर्भवती महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रसव पीड़ा के साथ अत्यधिक रक्तस्राव से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई वहीं महिला के बाद गर्भ में पल रहे 9 माह शिशु की भी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम रमगवां कौशल्या श्यामले पति राज कुमार (32 वर्ष) 9 माह की गर्भवती थी। एक माह पूर्व ही मायके वाड्रफनगर आई थी। 17 अप्रैल को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। इसी बीच प्रसव पीड़ा के साथ रक्त स्त्राव होने पर चिकित्सकों ने महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि प्रसूता को अत्याधिक रक्त स्त्राव होने से पहले मां की फिर गर्भ में पल रहे 9 माह के शिशु की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



# महावतार परशुराम का पहला पोस्टर और टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होम्बेल फिल्म्स ने 19 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर फिल्म 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर जारी किया है। साथ ही टीजर भी पेश किया है। बता दें कि भगवान विष्णु के दस अवतारों पर आधारित सात भागों वाले एनिमेटिड 'महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स' की यह दूसरी किस्त है। इससे पहले फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' काफी पसंद की गई थी। होम्बले फिल्म्स ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसके जरिए 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर रिलीज किया गया है। फिल्म का पोस्टर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में रिलीज किया गया है।

## लाइफ Style

# अक्षय

## 'भूत बंगला' ने मारी दहाड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अक्षय कुमार और दिग्गज डायरेक्टर प्रियदर्शन की जादुई जोड़ी ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है। हेरा फेरी और भूल भुलैया जैसी फिल्मों का स्वाद चख चुके फैंस के लिए 'भूत बंगला' किसी ट्रीट से कम नहीं है। 14 साल के लंबे इंतजार के बाद जब यह जोड़ी पर्दे पर लौटी, तो दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया।

फिल्म को मिल रहे शानदार रिस्पॉन्स और पॉजिटिव माउथ पब्लिसिटी का नतीजा अब इसके कलेक्शन में साफ दिख रहा है। शुरुआती रुझानों के बाद दूसरे दिन फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया है, जो अक्षय के गिरते कॅरियर ग्राफ के लिए एक बड़ी संजीवनी साबित हो सकती है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी पकड़ दिखाई है। शुरुआती रुझानों और पॉजिटिव रिव्यू को देखते हुए उम्मीद है कि फिल्म पहले वीकेंड पर तगड़ी कमाई करेगी। अक्षय की कॉमेडी और प्रियदर्शन का डायरेक्शन एक बार फिर कमाल करता दिख रहा है। फिल्म ने दो दिन में ग्रॉस 42 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं, नेट 35 करोड़ कमाए। इसी के साथ फिल्म ने वर्ल्डवाइड 61.50 करोड़ का कलेक्शन किया। ओवरसीज मार्केट में 19.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म को पहले दिन 12 हजार और दूसरे दिन 11 हजार के करीब शोज मिले। तीसरे दिन भी फिल्म धमाकेदार कमाई की। फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है। आकाश कौशिक ने फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। वहीं परेश रावल, राजपाल यादव, वामिका गब्बी, तबु, मिथिला पालकर जैसे स्टार्स हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# स्कॉर्पियन्स ने रद्द किया इंडिया टूर

**लॉस एंजिल्स।** जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स' की तरफ से शनिवार को घोषणा की गई कि वे अपना इंडिया टूर रद्द कर रहे हैं। जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स के एक सदस्य को मेडिकल इश्यूज हो गया है। वह सदस्य बीमार हैं। ऐसे में यह रॉक बैंड अपना इंडिया टूर रद्द कर रहा है। यह जानकारी इंडिया टूर के आयोजकों ने सोशल मीडिया पर साझा की है। बता दें कि यह बैंड 21 अप्रैल को शिलॉन्ग के जेएन स्टेडियम में परफॉर्म करने वाला था। इसके बाद 24 अप्रैल को दिल्ली-एनसीआर, 26 अप्रैल को बेंगलुरु और 30 अप्रैल को मुंबई में इनके कॉन्सर्ट होने वाले थे।



# सिंगर मलिक पांच सोलो एल्बम कर चुके हैं रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर ब्रिटिश सिंगर के फैंस दुनिया भर में मौजूद हैं। भारत में भी इस सिंगर को पसंद किया जाता हैसिंगर जेन मलिक का नया एल्बम 'कोन्नाकोल' काफी दिनों से चर्चा में था। जिस दिन यह एल्बम रिलीज होना था, उसी दिन सिंगर को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जेन ने अपना हेल्थ अपडेट म्यूजिक एल्बम 'कोन्नाकोल' के रिलीज होने के कुछ ही घंटों बाद दिया है। 2015 में वन डायरेक्शन म्यूजिक बैंड छोड़ने के बाद यह उनका पांचवां एल्बम है। बिलबोर्ड के मुताबिक जेन मलिक ने कहा, 'अब तक पांच सोलो एल्बम आ चुके हैं। मैं इस बात से बहुत उत्साहित था कि बैंड छोड़ने के बाद अपना पहला सोलो एल्बम बना पाया। लोगों ने भी उसमें दिलचस्पी दिखाई। मुझे इस बात पर प्राउड फील होता है। जेन मलिक के पिछले चार एल्बम बिलबोर्ड 200 चार्ट में जगह बना चुके हैं।



# भगवान वेंकटेश्वर का लिया आशीर्वाद

**मुंबई।** रविवार सुबह तमन्ना भाटिया ने तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के अवतार विष्णु के दर्शन किए। यह मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला की सात पहाड़ियों पर स्थित है। इसकी खास झलक तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। तमन्ना ने 19 अप्रैल को रविवार के दिन भगवान विष्णु के अवतार भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। यह प्राचीन मंदिर तिरुपति बालाजी मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। तमन्ना ने इसकी खास झलक अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मंदिर से एक खास वीडियो अपने फैंस के लिए शेयर किया है। इस वीडियो में तमन्ना माथे पर लाल बिंदी लगाए लाल चुनरी पहने नजर आ रही हैं, जिसके पीछे 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम' भजन सुनाई दे रहा है।



# सलमान की फिल्म की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** सलमान खान फिल्म 'मातृभूमि' के बाद साउथ एक्ट्रेस नयनतारा के साथ अगली फिल्म करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ा अपडेट मेकर्स ने साझा किया है। सलमान की इस फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर्स एक्साइटेड दिख रहे हैं। निर्देशक वामशी ने इंस्टाग्राम पर सलमान की आगामी फिल्म से जुड़ी जानकारी साझा की है। निर्देशक ने एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर अपलोड की, जिस पर 'मुहूर्त' लिखा हुआ था। इस तरह वामशी ने फैंस को बताया कि सलमान और नयनतारा की एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। शनिवार को इसका मुहूर्त शॉट किया गया। डायरेक्टर वामशी की पोस्ट और सलमान की फिल्म को लेकर कई बॉलीवुड सेलेब्स उत्साहित दिखे। इस पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए अनिल कपूर ने लिखा, 'वामशी, आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।'

## टीवी मसाला




# अविनाश और ईशा के गाने शुक्रिया में दिखी शादी की झलक

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 से मशहूर हुई जोड़ी अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह एक बार फिर साथ नजर आ रही है। दोनों इस बार अंशुल गर्ग के गाने 'शुक्रिया' में दिखाई दे रहे हैं, जो फैंस के बीच दो ही दिन में पॉपुलर भी हो गया है। जब अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह ने 'बिग बॉस 18' में हिस्सा लिया था, तब वे जल्दी ही दर्शकों के पसंदीदा बन गए थे और लोग उन्हें एक साथ देखना पसंद करने लगे थे। उनकी केमिस्ट्री शो की खास बातों में से एक थी, और तभी से दर्शक उन्हें फिर से ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन साथ देखने का इंतजार कर रहे थे, जो अब आखिरकार पूरा हो गया है। हाल ही में दोनों ने अपने हाथों की एक तस्वीर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया था, जिससे लोग सोचने लगे थे कि दोनों क्या नया करने वाले हैं। अब यह साफ हो गया है कि अविनाश और ईशा ने 'शुक्रिया' नाम के एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ काम किया है, जिसे अंशुल गर्ग ने प्रोड्यूस किया है। अंशुल गर्ग अपने गानों में फेमस जोड़ियों को साथ लाने के लिए जाने जाते हैं, और इस बार भी उन्होंने वही किया है। यह गाना आज रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो में अविनाश और ईशा की एक प्यारी सी लव स्टोरी दिखाई गई है, जिसमें वे शादी की रस्में निभाते नजर आते हैं, जैसे हल्दी और फेरे। उनकी वापसी से दर्शकों में काफी खुशी है और दोनों की केमिस्ट्री ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है। फैंस उनकी जोड़ी और बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। गाने में हल्दी, मेहंदी और शादी से लेकर सभी खास पलों को दिखाया गया है।

## शाहरुख के लिए लिख चुकी हैं गाना

**नई दिल्ली।** 'शाका लाका बूम बूम' की ऋतु याद है, जो टॉम बॉय थी और लड़कों से भी भिड़ जाती थी? वह रोल साईनी राज ने निभाया था। वह अब



एक्टिंग छोड़ चुकी हैं और शाहरुख खान के लिए गाना भी लिख चुकी हैं। 26 साल में वह काफी बदल चुकी हैं। ऋतु के किरदार को साईनी राज ने निभाया था, जो एक पॉपुलर चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। साईनी राज एक कवयित्री, राइटर, लिरिसिस्ट और एक वर्चुअल बुक क्लब की फाउंडर हैं। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान 'सब सही जाएगा' गाना लिखा था, जिसे शाहरुख खान ने गाया था। यही नहीं, साईनी राज रैपर और सिंगर बादशाह के साथ भी काम कर चुकी हैं और एक शॉर्ट फिल्म भी लिखी। हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचने के लिए साईनी राज ने खूब रिजेक्शन झेला था। साईनी राज ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 7 साल की उम्र में की थी। उन्होंने जो पहला एक्ट किया था, उसके लिए 300 रुपये मिले थे। हालांकि, साईनी राज का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। उन्होंने एक बार बताया था कि विज्ञापनों के लिए वह 300 बार तक ऑडिशन दे चुकी थीं।

# निकिता ने मिस इंडिया वर्ल्ड साध्वी को पहनाया ताज, ईशान ने किया परफॉर्म...

**नई दिल्ली।** 18 अप्रैल को भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस भव्य प्रोग्राम में गोवा की साध्वी सैल ने मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का खिताब जीता है। उन्होंने भारत की 30 प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर यह सौंदर्य प्रतियोगिता जीती है। मिस इंडिया प्रतियोगिता में कई पल बहुत खास रहे। मिस इंडिया प्रतियोगिता में विजेता के तौर पर साध्वी सैल के नाम का ऐलान हुआ। इसके बाद उन्हें मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल ने ताज पहनाया। यह पल काफी खास था। अब साध्वी मिस इंडिया प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

***पहली और दूसरी रनरअप को पहनाया गया ताज :*** साध्वी ने राजनंदिनी और अद्वैता को पछाड़कर यह खिताब अपने नाम किया है। मिस इंडिया 2026 में महाराष्ट्र की रहने वाली राजनंदिनी फर्स्ट रनर अप रहीं। वहीं, चेन्नई की रहने वाली अद्वैता सेकंड रनर अप बनीं। राजनंदिनी फेमिना मिस इंडिया महाराष्ट्र रह चुकी हैं। वहीं अद्वैता फेमिना मिस इंडिया यूनियन टेरिटरी रह चुकी हैं। प्रतियोगिता में इन



दोनों को ताज पहनाया गया। इस मौके पर साध्वी ने भी खुशी जताई।


***नेहा ने किया साध्वी को सम्मानित :*** यह बहुत ही हैरानी भरा पल था, जब मिस इंडिया के नाम का एलान हुआ। विनर के तौर पर जब साध्वी के नाम का एलान हुआ, तो वह हैरान हो गईं। वह लगभग रोने वाली थीं। विजेता के तौर पर उनके नाम की घोषणा होने के बाद अभिनेत्री नेहा धूपिया ने उन्हें सम्मानित किया।

***जुबिन ने दी परफॉर्मेंस :*** भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता में ईशान खट्टर ने एनर्जी से भरपूर परफॉर्मेंस दी। वहां मौजूद लोगों ने उनके डांस की तारीफ की। इसी कड़ी में जुबिन नौटियाल ने भी परफॉर्मेंस दी। उनकी आवाज ने प्रोग्राम में समां बांध दिया।

***लॉरेन ने डांस से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध :*** अमेरिकी डांसर और अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने 61वें फेमिना मिस इंडिया 2026 के ग्रैंड फिनाले में डांसर के तौर पर शानदार परफॉरमेंस दी। उन्होंने अपने मूव्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण को दर्शाते हुए डांस किया।

# दूसरी बार मां बनने वाली हैं दीपिका

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह के सितारे बुलंदी पर हैं। प्रोफेशनल फ्रंट पर वे 'धुरंधर 2' को लेकर तारीफें बटोर रहे हैं। वहीं, निजी जिंदगी में भी एक्टर की जिंदगी में खुशियों ने दस्तक दी है। वे दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने रविवार को फैंस के साथ खुशखबरी साझा की है। वे दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। दीपिका पादुकोण ने दूसरी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी अपनी बिटिया दुआ के हाथों साझा की है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उनकी बिटिया दुआ नजर आ रही हैं। पापा रणवीर ने बेटी को गोद में थामा हुआ है। हालांकि, रणवीर का चेहरा नहीं दिख रहा, सिर्फ हाथ नजर आ रहे हैं। वहीं, दुआ का आधा चेहरा दिख रहा है। उनके हाथों में प्रेग्नेंसी किट है। इसके साथ दीपिका ने कैप्शन में इविल आई इमोजी लगाई है। दीपिका पादुकोण के पोस्ट पर फैंस बधाई दे रहे हैं। साथ ही कई सेलेब्स ने भी रिएक्शन दिए हैं और कपल को बधाई दे रहे हैं। परिणीति चोपड़ा, अनन्या पांडे, सामंथा रुथ प्रभु, कियारा आडवाणी, फलक नाज, दानिश पंडोर सहित कई सेलेब्स ने बधाई दी है और रेड हार्ट इमोजी पोस्ट



किए हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने साल 2018 में शादी रचाई थी। शादी के करीब छह साल बाद कपल ने पहली संतान के रूप में बेटी दुआ का स्वागत किया। दीपिका और रणवीर की बिटिया दुआ का जन्म 8 सितंबर 2024 को हुआ था। अब वे दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। दुआ अब दीदी बनने वाली हैं।

## मौत के 30 साल बाद बने नंबर वन कंपोजर

# मदन मोहन की 1950 की वो धुन, जिससे निकला वीर जारा का हिट गाना

*नई दिल्ली। मदन मोहन की एक ऐसी धुन के बारे में बता रहे हैं, जिसे उन्होंने 1950 में कंपोज किया था, पर यह 2004 में जाकर ब्लॉकबस्टर हुई। दुख की बात है कि तब तक मदन मोहन यह सोचते-सोचते ही इस दुनिया से चले गए कि वो किसी काम के नहीं। मौत के 30 साल बाद वह नंबर वन कंपोजर बने। उस धुन से जो गाना बना था, वो है 'तेरे लिए हम हैं जिए'। इस शख्स को 'गजल किंग' बुलाया जाता है। स्वर कोकिला लता मंगेशकर तो उन्हें 'गजल का शहजादा' कहकर बुलाती थीं। उन्होंने आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे, नैना बरसे रिमझिम रिमझिम और ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं जैसे सुपरहिट गाने दिए। अपने कॅरियर में उन्होंने करीब 700 से ज्यादा गाने कंपोज किए थे और वो सभी सुपरहिट रहे थे। यहां इस स्पेशल सेगमेंट में मदन मोहन के अलावा उनके उस गाने के बारे में बता रहे हैं, जो कंपोज तो 50 के दशक में किया गया था, पर साल 2004 में वह बंपर हिट हुआ था।*

**खूबसूरत कंपोजिशन :** मदन मोहन का पूरा नाम मदन मोहन कोहली था। उन्होंने 50, 60 और 70 के दशक में ढेरों गानों के लिए खूबसूरत मेलोडी और ट्यूंस बनाईं, गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और तलत महमूद के साथ मिलकर कई खूबसूरत और यादगार कंपोजिशन दीं। मदन मोहन कितने टैलेंटेड और अनमोल कंपोजर थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फिल्म 'वीर जारा' के सभी 11 गाने असल में उन्हीं के कंपोजिशन में बनाए गए। उन गानों को मदन मोहन की बनाई ट्यून्स से कंपोज किया गया, जिसमें बेटे संजीव कोहली ने मदद की।



### दिल ढूंढता है...

ये वो ट्यून्स थीं, जो कभी मदन मोहन ने कंपोज की थीं, पर जीते जी उनका इस्तेमाल नहीं कर पाए थे, और जब मौत हुई तो बेटे संजीव के पास एक बॉक्स छोड़ गए थे, जिसमें उनकी कंपोज की हुई ट्यून्स और गजलें थीं। संजीव उन रिकॉर्डिंग और टेप को बार-बार सुनते रहते थे,क्योंकि वह पिता की आवाज सुनना चाहते थे। फिर अचानक ही संजीव ने एक टेप में ऐसी ट्यून सुनी जो कभी रिलीज ही नहीं हुई थी। वह फिल्म 'मौसम' के गाने 'दिल ढूंढता है' का ऑल्टर्नेट वर्जन था।

### पुलिस फोर्स में थे मदन मोहन के पिता

मदन मोहन बगदाद में पैदा हुए थे और उनके पिता वहां इराकी पुलिस फोर्स में अकाउंटेंट जनरल के पद पर तैनात थे। बताया जाता है कि वहां की पुलिस फोर्स मदन के पिता पर बगदाद में ही रहने का दबाव बनाने लगी। पर पिता परिवार को लेकर पंजाब के झेलम के चकवाल गांव में आ गए। वो वहीं रहने लगे क्योंकि वहां पर उनका पुश्तैनी घर था। मदन मोहन के पिता फिर काम की तलाश में मुंबई चले गए और बेटे को उसकी दादी के पास छोड़ गए।

### तेरे लिए हम हैं जिए...

उस गाने से करीब 30 ट्यून्स को 'वीर जारा' में इस्तेमाल किया गया। जब यश चोपड़ा 'वीर जारा' बना रहे थे, तो ऐसे गाने चाहते थे जो टाइमलेस हों, सदाबहार हों। तब संजीव कोहली ने उन्हें पिता की टेप्स और रिकॉर्डिंग के बारे में बताया। यह सुनकर यश चोपड़ा ने उन्हें सभी टेप्स-रिकॉर्डिंग सुनने को कहा। संजीव उस गाने से करीब 30 ट्यून्स निकालकर यश चोपड़ा के ऑफिस पहुंचे। यश चोपड़ा को सभी ट्यून्स पसंद आ गए और फिर 'दिल ढूंढता है' गाने का 'वीर जारा' में ऑल्टर्नेट वर्जन बना, जिसके बोल हैं 'तेरे लिए हम हैं जिए'... इस तरह मदन मोहन की बदौलत 'वीर जारा' का ऐतिहासिक म्यूजिक बना और सभी गाने ब्लॉकबस्टर रहे।

### शराब में डूबे और सड़ गया लिवर

मदन मोहन ने अपने करियर में कई हिट गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर संग उनकी जोड़ी खूब जमी। पर शराब पीने के कारण उनका लिवर सड़ने लगा और खराब हो गया। इसके कारण 14 जुलाई 1975 को मदन मोहन का निधन हो गया। बताया जाता है कि एक समय के बाद मदन मोहन को काफी स्ट्रगल करना पड़ा। जहां इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत में उनके कई गाने रिलीज नहीं किए गए, वहीं बाद में उन्हें गाने और बनाने का मौका मिलना मुश्किल हो गया। दरअसल, उस वक्त हर एक्टर-डायरेक्टर के अपने म्यूजिक कंपोजर्स थे। राज कपूर से लेकर दिलीप कुमार और देवानंद जैसे स्टार्स के अपने-अपने कंपोजर्स थे।

## खबर संक्षेप

### युवक ने कमरे में फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**अंबिकापुर।** शहर के डीसी रोड निवासी युवक ने पहले दोस्तों को फोन किया कर बताया की उसे ठीक नहीं लग रहा है फिर दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार डीसी रोड निवासी देवेश भगत आ. अघन राम (26 वर्ष) परिजन के बाहर चले जाने से घर में अकेले था। बीती रात उसके कुछ दोस्त आए थे। काफी देर तक बैठने के पश्चात दोस्तों ने भोजन लाने की बात कहकर चले गए। इसी बीच युवक ने दोस्तों को फोन कर बताया कि उसे ठीक नहीं लग रहा है। इधर कुछ समय बाद युवक के दोस्त उसके घर पहुंचे तो देखा दरवाजा अंदर से बंद था। जब दोस्तों ने पीछे से जाकर देखा तो युवक फांसी में लटका हुआ था। घटना की सूचना पर पुलिस ने आज शव को उतार पीएम के लिए भेज दिया। तथा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। युवक किस कारण फांसी लगाई यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

### उड़ान विषय पर कृति नारी साहित्य का गोष्ठी आयोजित

**अम्बिकापुर।** उड़ान विषय पर गोष्ठी का शानदार आयोजन कृति नारी साहित्य समिति द्वारा किया गया। जिसमें सभी बहनों ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। संतोषी चंदेल द्वारा कविता पंखहीन होकर मनुष्य ही सबसे ज्यादा उड़ता है की प्रस्तुति हुई, वहीं माधुरी जायसवाल ने अपनी कविता में रहें सदा उन्मुक्त निरापद मन उड़ान मत रोकें का संदेश दिया। नीलिमा जायसवाल ने भी अपनी रचना ये उड़ान पंखों की नहीं, जज्बों की है, रोशन कर रही बेटियां जहान को सुनाई। वहीं उमा वर्मा ने कहा आज इंटरनेट ने पंख दे दिए हैं दो पल में उड़कर हम वीडियो चैट में अपनों से रूबरू हो जाते है। वहीं कांति पांडे ने अपनी दादी नानी से बढ़कर मां के पंख और अपने से अधिक बेटी और उनकी बेटी के क्रमशः मजबूत होते प्रगति के पंखों से समां बांध दिया। संध्या सिंह ने पंखों की मजबूती के साथ पंछी की अंतिम उड़ान बताते हुए मनुष्य की मोहग्रस्त दुनिया के दुख पर ध्यानाकर्षित किया। रूही गजाला, आशा उपाध्याय ने गद्य में राजलक्ष्मी तिवारी, गीता तिवारी, सीमा तिवारी एवं अंजु पाण्डेय ने सस्वर कविता पाठ कर सभी का मन छू लिया।

### सूने मकान चोरो का धावा लाखों का सामान पार

अम्बिकापुर। शहर के नमनाकला स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़ चोरों ने नकदी 80 हजार सहित कमरे में रखे लगभग डेढ़ लाख कीमत का सोने-चांदी जेवर व सामान पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार नमनाकला निवासी रविशंकर पाल नगर निगम में जेसीबी ऑपरेटर का काम करता है। 10 अप्रैल को बटईकेला निवासी चाचा के निधन हो जाने पर घर में ताला लगाकर परिवार के साथ बटईकेला गया था। 16 अप्रैल को जब वापस घर लौटा तो देखा दरवाजा में लगा ताला टूटा और कमरे में सामान बिखरे हुए थे। मकान मालिक ने जब घर में रखे सामान का मिलान किया तो पता चला की अलमारी में रखे नगद 80 हजार रुपए के अलावा सोने-चांदी के जेवर, कमरे में रखे 70 किलो चावल, बर्तन सहित लगभग डेढ़ लाख कीमत के सामान गायब थे।

पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण, आज तक नहीं हुई मरम्मत

# करौंदा मुड़ा सहित आसपास के गांव में महीनों से खराब सोलर पंप, गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैयाथान

शहर की भांति ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत घर घर तक पानी पहुंचाने की योजना संचालित है। योजना का कई ग्राम पंचायत के लोगों को लाभ मिल रहा है परंतु ग्राम पंचायत करौंदा मुड़ा सहित आसपास के गांव में जहां योजना की शुरुआत तो की गई परंतु सोलर पंप महीनों से खराब है। हैरानी की बात तो यह है कि सोलर पंप खराब हुए महीनों हो गए बावजूद इसके आज तक मरम्मत नहीं हो सकी जिससे ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित है।आलम यह है कि अब भी ग्रामीण पूर्व की भांति पेयजल के लिए लंबी दूरी तय करने को मजबूर है।

**खास बात**
- अन्य जल स्त्रोत का कर रहे उपयोग

जिले के अन्य विकास खंड की भांति भैयाथान विकासखंड के ग्राम करौंदा मुड़ा के अलावा केवटाली, सत्यनगर, अधिनापुर सहित आसपास के क्षेत्रों में योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घरों में शुद्ध पेयजल के लिए पानी उपलब्ध कराने मोहल्लों में सौर पैनल के माध्यम से हर घर में पानी पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया। लाखों की लागत से घरों में पानी पहुंचाने पानी टंकी समेत सौर पैनल के साथ घरों में पाइप के सहारे नल कनेक्शन लगाया गया। गांव में योजना के तहत शुद्ध पेयजल घरों में उपलब्ध होने से ग्रामीण काफी खुश थे परंतु उनकी खुशियां उस समय निराशा में बदल गई जब सोलर पंप खराब हो गई। सोलर पंप के काम नहीं करने से पेयजल की सप्लाई बंद है। ऐसे में ग्राम करौंदा मुड़ा, केवटाली, सत्यनगर, अधिनापुर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थापित सौर ऊर्जा से संचालित पानी पंप पिछले कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि इसी पंप के माध्यम से आसपास के मोहल्लों में पेयजल की आपूर्ति होती थी, लेकिन इसके बंद होने के बाद अब लोगों को दूर-दराज के जल स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही जल संकट और भी गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तो गर्मी की शुरुआत है। ऐसे में अगर समय रहले सोलर पंप की मरम्मत नहीं हुई तो भीषण गर्मी में पेयजल की संकट काफी गहरा जाएगी और लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सोलर पंप की मरम्मत कराई जाए, ताकि क्षेत्र में पेयजल समस्या से राहत मिल सके।



बंद पड़ा सोलर पम्प।

### पेयजल के लिए लंबी दूरी

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी टंकी की सुविधा होने से काफी राहत थी परंतु सोलर पंप के खराब हो जाने से पानी टंकी से पेयजल की सप्लाई बंद हो गई जिससे परेशानी बढ़ गई है। गांव के लोगों को लंबी दूरी तय कर निस्तार समेत पीने के लिए पानी लाना पडता है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के कारण क्षेत्र के लोगों को सुबह शाम पेयजल की व्यवस्था करने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### शिकायत के बाद भी समस्या नहीं हुई दूर

पेयजल की समस्या से ग्राम करौंदा मुड़ा, केवटाली, सत्यनगर, अधिनापुर सहित आसपास गांव के लोग महीनों से जूझ रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि सोलर पंप की मरम्मत कराने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधि समेत विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई परंतु आज तक समस्या का निराकरण नहीं हो सका करौंदा मुड़ा निवासी ओम प्रकाश कुशवाहा ने बताया कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई, लेकिन अब तक मरम्मत की कोई पहल नहीं की गई है। स्थिति यह है कि महिलाओं और बच्चों को रोजाना लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ रहा है।

### इलाके में है जल संकट

ग्राम करौंदा मुड़ा, केवटाली, सत्यनगर, अधिनापुर सहित अन्य गांव में सोलर पंप खराब है तो वहीं केवटाली, सत्यनगर और अधिनापुर में लगी पानी टंकियां भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। जहां सौर ऊर्जा चलित पंप ही मोहल्ले का एकमात्र जल स्रोत था, उसके बंद होने से पूरे इलाके में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है।

-अभय प्रताप सिंह
पूर्व जनपद सदस्य

### कराई जाएगी मरम्मत

सोलर पंप खराब है मामला संज्ञान में आया है।कर्मचारियों को भेजकर मरम्मत कराई जाएगी। मार्च से ठेका कर्मियों को सेवा से बाहर कर दिया गया है जिससे विभाग कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है।

-रंजीत यादव
जिला प्रभारी क्रेडा सूरजपुर



# 72 घंटे अखंड हरिनाम संकीर्तन की शुरूआत आज

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में श्री-श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन वर्ष 2026 में आयोजित किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम परंपरागत रूप से सन 1970 से लगातार आयोजित होता आ रहा है और इस वर्ष इसका 57 वां वर्षगांठ समारोह मनाया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत 20 अप्रैल सोमवार की रात 9 बजे अधिवास के साथ होगी, इसके बाद 21 अप्रैल मंगलवार की सुबह 6:30 बजे से 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ होगा, जो 24 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 6:30 बजे संपन्न होगा। समापन के दिन रात्रि 8:30 बजे से भव्य महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

आयोजन समिति ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में विभिन्न स्थानों से हरिनाम संकीर्तन मंडलियां भाग लेंगी। इनमें प्रमुख रूप से कोलकाता से श्री श्री भाई बहिन गिरधारी संप्रदाय, तातापानी से गौरिया संप्रदाय, अम्बिकापुर से माधवाचार्य गौरिया संप्रदाय, बलरामपुर से राधा कृष्ण संप्रदाय तथा सतना से वासुदेव संप्रदाय की मंडलियां शामिल होंगी। इन सभी मंडलियों द्वारा निरंतर 72 घंटे तक हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं मित्रों के साथ इस आयोजन में शामिल होकर हरिनाम संकीर्तन का लाभ उठाएं। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस संकीर्तन से मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा और श्रद्धालुओं को भक्ति का विशेष अनुभव प्राप्त होगा।

# फ्रेशर्स एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



एके इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग चैनपुर में फ्रेशर्स एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित हुआ। इसमें संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और भावनात्मक माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नए विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, वहीं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को संस्थान के वातावरण से परिचित कराना, आपसी समन्वय और भाईचारा बढ़ाना तथा वरिष्ठ छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, गीत एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही सीनियर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए जूनियर्स को मार्गदर्शन भी दिया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ.एके ओझा ने अपने संबोधन में अनुशासन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यदि हम अनुशासन में नहीं हैं तो हमारा विकास संभव नहीं है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो अधिक मेहनत करना चाहता है, वह संस्थान के साथ मिलकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि नर्सिंग के छात्र होने के नाते उनके लिए पूरे विश्व में अवसर खुले हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती मंजू बैस सहित संस्थान के सभी प्राध्यापकगण श्रीमती चांदनी सिंह, सुश्री पूर्णिमा दास, श्रीमती सुमन राठौर, श्रीमती ज्योति गुप्ता, श्रीमती विनीता राजवाड़े, अर्जुन प्रजापति, सुश्री प्रीति, श्रीमती जानकी नापित, श्रीमती ईवा अंजुम, सुश्री रश्मि महरा, श्रीमती बिंदु, सचिन पांडे एवं सुश्री इंदु पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में छात्र समिति के सदस्य सौरभ तिवारी, समिता सिंह, अनुष्का शुक्ला, छाया बैगा, दुर्गा, वेदिका साहू, मोनिका, पायल, आकृति, शिवांगी मिश्रा, शिवांगी साहू, मुकेश, राजीव, रोशन, अन्नपूर्णा केवट, उर्मिला, तेजवती, अर्चना एवं सुधा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर समाजसेवी अवनिन्द्र सिंह एवं पत्रकार रामचरित द्विवेदी उपस्थित रहे।

# लहसुई कैम्प में जर्जर पानी टंकी से हादसे का बना खतरा, 300 परिवार प्रभावित

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर



कोतमा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 स्थित लहसुई कैम्प में बनी पुरानी पानी टंकी स्थानीय निवासियों के लिए चिंता का विषय बन गई है। करीब 25-30 वर्ष पुरानी यह टंकी वर्तमान में जर्जर हालत में बताई जा रही है। टंकी की दीवारों में दरारें दिखाई दे रही हैं और उसके ऊपरी हिस्से पर झाड़-झंखाड़ उग आए हैं, जिससे इसकी संरचनात्मक मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में कोतमा नगर में एक बहुमंजिला भवन गिरने की घटना के बाद भी प्रशासन द्वारा इस टंकी की स्थिति का निरीक्षण नहीं किया गया है, इससे क्षेत्रवासियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। यह टंकी लगभग 300 परिवारों को पानी की आपूर्ति का मुख्य स्त्रोत है। हालांकि निवासियों के अनुसार वर्षों से इसकी न तो मरम्मत हुई है और न ही नियमित सफाई, जिससे जल की गुणवत्ता को लेकर भी चिंताएं जताई जा रही हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि तेज हवा चलने पर भी टंकी की स्थिति को लेकर डर बना रहता है। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग को सूचना दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि टंकी की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए। यदि यह संरचना असुरक्षित पाई जाती है, तो इसे हटाकर नई जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विशेषज्ञों के अनुसार जर्जर संरचनाएं समय रहते जांच और मरम्मत न होने पर गंभीर हादसों का कारण बन सकती हैं। ऐसे में स्थानीय प्रशासन के लिए जरूरी है कि इस मामले को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## स्वरंग किड्स एकेडमी पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप

**अंबिकापुर।** शहर के चोपड़ापारा स्थित स्वरंग किड्स एकेडमी के विरुद्ध की गई कार्रवाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मिश्रा ने स्कूल शिक्षा विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे एकतरफा और दबाव में लिया गया निर्णय बताया है।

कैलाश मिश्रा ने कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा पांच जून 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विधिवत आवेदन प्रस्तुत कर स्कूल संचालन की जानकारी देने के साथ ही मान्यता संबंधी मार्गदर्शन मांगा गया था। इसके बावजूद विभाग ने करीब 10 महीनों तक आवेदन पर कोई पहल नहीं की। ऐसे में अचानक कार्रवाई करते हुए स्कूल संचालन स्थगित करने और एक लाख रुपये के अर्थदंड का आदेश जारी करना समझ से परे है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जारी आदेश में स्कूल प्रबंधन द्वारा अपनी गलती स्वीकार किए जाने का उल्लेख किया गया है, जबकि जांच प्रतिवेदन में ऐसी कोई स्वीकारोक्ति नहीं है। कैलाश मिश्रा के अनुसार जांच रिपोर्ट में स्कूल की अधोसंरचना, मानव संसाधन और बच्चों की देखभाल से जुड़ी व्यवस्थाओं को संतोषजनक और बेहतर बताया गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब व्यवस्थाएं उचित पाई गईं, तो फिर कठोर कार्रवाई किस आधार पर की गई। कैलाश मिश्रा ने यह भी दावा किया कि यह कार्रवाई कलेक्टर के अनुमोदन के बिना की गई है, जो प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। उन्होंने पूरे मामले में पारदर्शिता लाने के लिए पुनर्विचार की मांग करते हुए यह भी पूछा कि आखिर 10 महीनों तक विभाग ने आवेदन पर कोई निर्णय क्यों नहीं लिया ?उन्होंने कहा कि संबंधित संस्थान केवल एक स्कूल ही नहीं, बल्कि डे-केयर सेंटर के रूप में भी कार्यरत था।



# स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू, बच्चों को मोबाइल से दूर रखना अभिभावकों के लिए बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

क्षेत्र में 20 अप्रैल से गर्मी की छुट्टियां प्रारंभ होने जा रही हैं। इस दौरान अभिभावकों के सामने बच्चों को मोबाइल से दूर रखते हुए उनके बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए प्रेरित करना एक बड़ी चुनौती बनकर उभरेगा। भीषण गर्मी के चलते जहां बच्चे अधिकतर समय घरों में ही रहेंगे, वहीं मोबाइल के प्रति उनका आकर्षण बढ़ने की संभावना भी अधिक रहेगी। इस संबंध में विभिन्न शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों ने अपने सुझाव साझा किए हैं। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ज्ञानेंद्र वाजपेई ने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को छुट्टियों के दौरान विभिन्न खेल गतिविधियों की ओर अग्रेषित करें। साथ ही बच्चों को अपने मित्रों के साथ समय बिताने के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे उनका मानसिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित हो सके। नपा उपाध्यक्ष शीला जायसवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चों को मोबाइल से दूर रखना वास्तव में एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे स्वयं भी बच्चों के सामने मोबाइल का उपयोग सीमित करें और केवल आवश्यकता होने पर ही इसका प्रयोग करें। उनका कहना है कि बच्चे अपने अभिभावकों के व्यवहार से ही सीखते हैं। सुभद्रा मेमोरियल पब्लिक स्कूल के संचालक जितेंद्र पांडे ने सुझाव दिया कि बच्चों को मोबाइल का उपयोग समय-सीमा निर्धारित कर ही करने दिया जाए।






## पृष्ठ 3 का शेष

### चरचा में तलवार...

डॉक्टरों के अनुसार योगेश की हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है वहीं अन्य घायलों का उपचार जारी है। सूत्रों के मुताबिक घटना में शामिल कई आरोपियों के खिलाफ पहले से मारपीट और आपराधिक गतिविधियों के मामले दर्ज हैं। इसके बावजूद उन पर सख्ती नहीं होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इलाके में तनाव बरकरार है, वहीं लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता साफ नजर आ रही है। घटना के बाद से चरचा कॉलरी और आसपास के वार्डों में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। संवेदनशील इलाकों बाजारपारा, मस्जिद लाइन और श्रमवीर स्टेडियम क्षेत्र में पुलिस की लगातार गश्त जारी है। पीड़िता किरन की शिकायत के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपियों राज, सावन, अंबर, आयुष, मंतोष, सन्नी समेत अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में हत्या के प्रयास, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी जैसी धाराएं जोड़ी गई हैं। पुलिस अब आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# बड़सरा माध्यमिक शाला में प्राचार्य दुबे को दी गई विदाई

**भैयाथान।** माध्यमिक शाला बड़सरा में पदस्थ प्राचार्य रवींद्र प्रसाद दुबे को शनिवार को एक समारोह के बीच विदाई दी गई। प्राचार्य दुबे के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व शिक्षक सतनारायण मिश्रा, युवराज कुशवाहा, केके साहू, अनिल सिंह सहित बड़सरा संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चे भी उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में प्राचार्य दुबे के कार्यकाल को याद करते हुए उनके अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना की। मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि श्री दुबे ने न केवल बच्चों बल्कि पूरे गांव को सही मार्ग दिखाने का कार्य किया है। उन्होंने उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। इस दौरान सोनू जायसवाल, रामू गोस्वामी, रमाशंकर यादव, रमेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे। समारोह का समापन सम्मान, साल और श्रीफल भेंट एवं विदाई संदेशों के साथ हुआ।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
06 मई, 09 मई, 13 मई,
18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411